तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 धर्मांतरण के विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने निकाली आक्रोश रैली



## खबर संक्षेप

### ट्रक ट्रेलर संघ का 28 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

**कोरबा।** कोयला परिवहन में लगे ट्रक व ट्रेलर मालिकों ने भाड़ा दरों में 25 प्रतिशत वृद्धि की मांग को लेकर प्रशासन को अंतिम चेतावनी दे दी है। 21 जुलाई को इस संबंध में कोरबा कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें ट्रक ट्रेलर मालिक संघ ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि बढ़ती महंगाई, डीज़ल दरों और रखरखाव लागत के कारण वर्तमान भाड़ा दर से उनका संचालन संभव नहीं है लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया या पहल नहीं की गई, जिससे नाराज होकर संघ ने 28 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। हड़ताल का सीधा असर कुसमुंडा, दीपका और गेवरा खदानों में देखने को मिलेगा, जहां से कोयला का प्रतिदिन भारी मात्रा में परिवहन होता है। हड़ताल के चलते इन क्षेत्रों में कोयला परिवहन पूरी तरह से ठप हो जाएगा, जिससे न केवल खदानों का उत्पादन प्रभावित होगा बल्कि बिजली संयंत्रों तक कोयले की आपूर्ति भी बाधित हो सकती है।

### छात्रों के लिए समाज में सद्भाव विषय पर हुई परिचर्चा

**कोरबा।** सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) द्वारा नव प्रवेशित डिप्लोमा छात्रों के लिए समाज में सद्भाव, प्रकृति में सद्भाव विषय पर परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारिस को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारिस जमनीपाली की संचालिका बीके बिंदु, बीके मधुबाला बहन, स्मृति बहन, सिपेट ट्रेनिंग संचालक दिवेश मेश्राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बीके बिंदु ने कहा की समाज में सद्भाव और प्रकृति में सद्भाव दोनों ही हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, साथ ही उन्होंने कहा की यह हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है। बीके मधुबाला बहन ने राजयोग के लाभ पर प्रकाश डाला और स्मृति बहन ने भी अपने विचार सब के समक्ष रखा। अंत में दिवेश मेश्राम ने कहा की ब्रह्मकुमारिस संस्था का कार्य बहुत ही सहरानीय है।

### जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए डीएमएफ से मिला 23 करोड़

**कोरबा।** जिले के विकास से जुड़े जनहित के कार्यों हेतु डीएमएफ मद से कुल राशि 23 करोड़ 27 लाख 581 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत कार्यो में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के लिए जेम पोर्टल से बैक हो लोडर की खरीदी हेतु 33 लाख 90 हजार रूपये, बरबसपुर सीबीजी प्लांट हेतु नवीन प्रस्तावित स्थल पर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल तथा ब्रिकवर्क बाउंड्रीवाल, एंट्री गेट एवं मिट्टी फिलिंग कार्य हेतु एक करोड़ 99 लाख 58 हजार, खाद भण्डारण केन्द्र कटघोरा में अहाता निर्माण हेतु 26 लाख 67 हजार, ग्राम बोईदा विकासखंड पाली में हायर सेकंडरी स्कूल भवन निर्माण कार्य हेतु एक करोड़ 21 लाख 16 हजार की राशि स्वीकृत हुई है।

## 3 सौ से ज्यादा कार्य चल रहे हैं ग्रामीण अंचलों में

# जल जीवन मिशन के 385 कार्य पूर्ण, भौतिक सत्यापन के बाद किया जाएगा अंतिम भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल जीवन मिशन के 385 काम पूर्ण हो चुके हैं। जिनका अंतिम बिल भुगतान भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश आने के बाद से ग्रामीण अंचलों में पीएचई विभाग की टीम गांव गांव दौरा कर पूर्ण कार्यों का भौतिक सत्यापन कर रही है। किंतु अभी तक किसी भी एक पूर्ण कार्य की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट नहीं तैयार हो सकी है।

पूर्ण कार्यों के भौतिक सत्यापन को लेकर ग्रामीण अंचलों का दौरा करने वाली पीएचई विभाग की टीम के सामने तकनीकी समस्याएं सामने आ रही है। ठेकेदारों के द्वारा काम तो पूर्ण बता दिया गया है किंतु घरों में दिए गए नल कनेक्शन बारिश में भी पानी की बूंद को तरस रहे हैं। रिकार्ड में कार्य पूर्ण होने के बाद ठेका फर्मों को अंतिम बिल का भुगतान करना था। किंतु शासन की ओर से भौतिक सत्यापन के निर्देश मिलने के बाद से अंतिम बिल भुगतान की कार्यवाही रोक दी गई है और अब विभाग की टीम ठेका फर्मों के



साथ कार्य स्थल का दौरा कर किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कर रही है। इस दौरान उनके सामने प्रमुख रुप से तकनीकी दिक्कते सामने आ रही है। जिनमें पाइप लाइन से पानी का फोर्स घरों तक नहीं पहुंचना, पाइप लाइन का क्षतिग्रस्त हो जाना। ऐसे तकनीकी विसंगतियां टीम को मिल रही है। ऐसी ही विसंगतियों की वजह से पूर्ण किए गए 385 कार्यों की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट तैयार नहीं हो पा रही है।

### सरपंचों से लिया गया पूर्णता प्रमाण पत्र

घरों में नल कनेक्शन देने के बाद एक बार पानी की सप्लाई करने के बाद ठेका फर्मों ने सरपंचों से पूर्णतः प्रमाण पत्र ले लिया और उसके आधार पर दूसरी किश्त भी निकाल ली और तीसरी किश्त के लिए जब ठेका फर्म में विभाग पहुंची तो उन्हें भौतिक सत्यापन का पत्र थमाया गया। इस आधार पर पंचायतों के द्वारा दिए गए पूर्णतः प्रमाण पत्र पर भी सवाल खड़े हो गए। कोरबा विकासखंड अंतर्गत कई ऐसे गांव हैं जहां के सरपंचों ने पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी कर दिया है और जल जीवन मिशन से पानी की सप्लाई सभी घरों में नहीं हो रही है।

### मल्टी विलेज योजना भी जल जीवन में शामिल

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कई छोटी बड़ी योजनाएं समाहित कर दी गई है। इनमें पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में चलने वाली मल्टी विलेज योजना शामिल है। इसके अंतर्गत लगभग ढाई सौ ग्रामों में बांगो बांध की पानी की सप्लाई किया जाना है। जल जीवन मिशन अंतर्गत चलने वाली योजनाओं में मल्टी विलेज योजना सबसे बड़ी योजना है। जिसकी प्रारंभिक लागत 3 सौ करोड़ बताई जा रही है।

### देना होगा भौतिक सत्यापन रिपोर्ट

जल जीवन मिशन अंतर्गत 385 काम पूर्ण हो चुके हैं। काम करने वाली ठेका फर्मों को अंतिम बिल का भुगतान भौतिक सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद किया जाएगा। विभाग के द्वारा भौतिक सत्यापन का कार्य ठेका फर्मों के साथ किया जा रहा है।

\- रमन उरांव
कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

# देवरमाल ग्राम पंचायत वित्तीय गड़बड़ी के लिए जांच टीम का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरमाल में शासन के विभिन्न मद से जारी हुई राशि में गड़बड़ियों की जांच के लिए जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच के आदेश देते हुए इसके लिए टीम गठित की गई है जो सोमवार को गड़बड़ियों की जांच करने गांव का दौरा करेगी।

ग्राम पंचायत देवरमाल के उप सरपंच के द्वारा वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायत कलेक्टर से की गई थी। जिसमें उनके द्वारा वर्ष 2018 से 2025 तक 14वें वित्त एवं मूलभूत मद से मिलने वाली सरकारी राशि से होने वाले विकास कार्यों के नहीं होने का हवाला देते हुए कार्य नहीं होने का उल्लेख किया गया था। जिसके तहत समस्त हैंडपंप में सोखता निर्माण के लिए एक लाख रुपए की राशि जारी हुई थी किंतु सोखता निर्माण नहीं किया गया। 2 नग पचरी निर्माण के लिए वर्ष 2021-22 में 58 हजार रुपए की राशि जारी की गई थी। इसी तरह डबरी के पास पुलिया निर्माण के लिए 1 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 24 हजार तथा नल जल योजना के लिए 2 लाख 25 हजार, बोर खनन के लिए 5 लाख, नाली निर्माण के लिए ढाई लाख रुपए की राशि का आहरण किया गया है। शिकायतकर्ता राजेश भारद्वाज ने बताया है कि राशि के आहरण के बाद भी सरपंच के द्वारा काम नहीं किया गया है जिसकी भौतिक जांच कराए जाने की आवश्यकता है। उक्त शिकायत के आधार पर जांच टीम गठित की गई है। कौशिल्या गवेल जनपद सीईओ के द्वारा जांच के लिए तकनीकी अधिकारियों की टीम गठित कर दी है।

**खास बातें**

- वर्ष 2018 से 2025 तक जारी शासन के विभिन्न मद में गड़बड़ी की हुई थी शिकायत
- जनपद पंचायत कोरबा के सीईओ को बनाया गया जांच अधिकारी

# डेढ़ किलोमीटर की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे, आवाजाही में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सड़कों पर बने गड्ढे परेशानी का सबब बन चुके हैं, गांव तो दूर शहर में भी इस समस्या का सामना लोग कर रहे हैं। शहर के ट्रेफिक थाना से लेकर तहसील कार्यालय जाने वाले मार्ग की हालत जर्जर है। लगभग डेढ़ किलोमीटर की सडक के बीच बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश में इस सड़क से आवाजाही करने वाले लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। गड्ढे के कारण हादसे की आशंका बनी हुई है।

**खास बात**

- आईटीआई चौक से तहसील कार्यालय जाने वाले मार्ग का हाल बेहला



बारिश से सड़क हुआ जर्जर।

आईटीआई के आगे एसपी कार्यालय के बगल से होकर तहसील कार्यालय जाने वाले सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। ट्रेफिक थाना के कुछ दूर आगे ही नगर निगम के सभागार के पास सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। यह मार्ग दिन भर व्यस्त रहता है। सिंचाई कालोनी, राजस्व कालोनी, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, परिवहन कार्यालय और तहसील कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में आने जाने के लिए लोग प्रायः इसी मार्ग का उपयोग करते है। लेकिन पिछले कई माह से इस मार्ग की हालत काफी खराब हो गई है। सड़क काफी जर्जर हो गई है। बारिश की वजह से रात में अक्सर सड़क पर बने गड्ढों में भरा पानी नजर नहीं आता है, और बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इसी मार्ग से स्कूली बच्चे भी आना-जाना करते है। सड़क पर गड्ढों की वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मार्ग पर हल्के व भारी वाहनों का भी आवागमन होता है। स्कूली बसें भी इसी मार्ग से गुजरती है। जिसके कारण सड़क पर खासा दबाव रहता है। मरम्मत के अभाव में सड़क की हालत काफी खराब हो गई है। सड़क के बीच-बीच में बने कुछ गड्ढों पर हालही में गिट्टी भी डाला गया है। लेकिन इससे समस्या दूर नहीं हुई है। गिट्टी तो डाला गया है लेकिन ठीक से भराव नहीं किया गया है। वहीं अधिकांश जगहों पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। मार्ग से आवाजाही करने वालों का कहना है कि सड़क का जल्द सुधार करना चाहिए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

# व्यापारी के घर घुसकर लूट की कोशिश, सास बहू के गले में चाकू अड़ाकर पैसे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शनिवार को एक बदमाश दिनदहाड़े घर में घुसकर सास-बहू से लूट की कोशिश की। वह महिलाओं के गले में चाकू रखकर पैसे की डिमांड करने लगा लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाश को पकड़ लिया। जिसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू जब्त कर लिया है। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आरपी नगर फेस टू की है।

**खास बातें**

- मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आर पी नगर फेस-2 का
- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिनदहाड़े लूट के प्रयास की ये घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-2 में नीरज भोजासिया उम्र 41 वर्ष का परिवार निवास करता है। उसके द्वारा निहारिका में कम्पयूटर दुकान का



आरोपी।



पीड़ित महिला।

संचालन किया जाता है। दोपहर के वक्त घर पर पत्नी संगीता और सास प्रेमलता मौजूद थीं। तभी एक युवक मेन गेट खोलकर अंदर कमरे में घुस आया। हाथ में धारदार चाकू लिये युवक ने मोबाइल पर बात कर रही प्रेमलता के गले में चाकू रखकर पैसे मांगने लगा। आरोपी युवक अपने बेटे को बीमार बताकर पैसे की डिमांड कर रहा था। इस दौरान डरी-सहमी सास को देख बहू बाहर आई और उसने साहस दिखाते हुए विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद बदमाश ने बहू के गले पर भी चाकू अड़ा दिया। इस दौरान प्रेमलता का मोबाइल चालू था। परिजनों को अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर में घुसकर आरोपी को पीछे से पकड़ लिया। उधर आरोपी से अपनी सास को बचाने के लिए बीच-बचाव के दौरान बहू की उंगली में चोट आई है। पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी की पहचान खरसिया के नाभांठा निवासी राजेश बंजारे के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# भाजयुमो के प्रयास से बांकीमोंगरा में पुनः बिजली सप्लाई शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लाईट नहीं होने से जनता परेशान नजर आ रहे थे। फिर क्षेत्र की जनता, व्यापारीगण, जनप्रतिनिधि बिजली कर्मचारियों से लगातार संपर्क बनाते हुए सुचारू रूप से बिजली चालू करने में सहयोग प्रदान किये। वहीं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष पति भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा भी बिजली सप्लाई प्रारंभ हो इसके लिए लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क बनाते रहे। वे पिछले शाम से बिलासपुर और रायपुर के उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल इस समस्या से निजात दिलाने कि मांग करते रहे। शुक्रवार की शाम - रात को सब स्टेशन पहुंचकर अतिशीघ्र बिजली से बनी समस्या को दुर करने के लिए मौके स्थल पर पहुंचे



अधिकारियों से चर्चा करते रहे। हालांकि मौसम खराब अन्य समस्या उत्पन्न होने रात में ट्रांसफर नहीं लग पाया। अगले सुबह बिजली विभाग अधिकारी व कर्मचारियां ट्रांसफर लगाने में जुटे रहे। इस बीच भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा सहित नगर के व्यापारीगण, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक उपस्थित थे। आखिरकार भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा सहित नगर के जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं आम नगरिकों कि मेहनत रंग लाई और पुनः पूर्व की तरह सुचारु रुप से बिजली सप्लाई प्रारंभ किया गया। ज्ञात हो कि बांकीमोंगरा सब स्टेशन का मेन पावर ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से पिछले तीन दिनों से बांकीमोंगरा क्षेत्र अंधेरा में डूबा हुआ था नए ट्रांसफार्मर आने के बाद भी हो रही रुक-रुक कर बारिश की वजह से कार्य तेजी से नहीं हो पा रहा था। साथ ही साथ मिट्टी गीली होने की वजह से लोड ट्रांसफार्मर की गाड़ी भी फंस गई जिस वजह से उसे भी निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से ही कड़ी मशक्कत और क्षेत्रीय नेता एवं क्षेत्र के सभी लोगों की प्रयास से विद्युत व्यवस्था पर कार्य किया गया और पुनः बिजली सप्लाई किया गया।

# प्राथमिक शाला में समस्याओं का अंबार, छत से रिसता है बारिश का पानी


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय प्राथमिक शाला इमली छापर विद्यालय में प्राइमरी और मिडिल स्कूल मिलकर 210 बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो अपनी आर्थिक व्यवस्थाएं से विद्यालय कोसों दूर है। शासकीय विद्यालय इमलीछापर में बच्चों के लिए शौचालय का निर्माण किया गया है जो अत्यंत जर्जर है। कई वर्षों से जर्जर की स्थिति में शौचालय बन गई है। 5वीं 7वीं 8वीं की बालिकाओं के लिए जो शौचालय का निर्माण किया गया है वह भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। टीचर और स्टाफ के रूम में भी बारिश का पानी टपक



रही है। बाउंड्रीवॉल का भी निर्माणधीन कई वर्षों से नहीं किया गया है। बालिका शौचालय जो बना है वह भी जर्जर स्थिति में है। प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल के बच्चे का जो बना हुआ है शौचालय उसमें छत से पानी टपकती हैं वह भी जर्जर स्थिति में है।



## खबर संक्षेप

### तरुण बने युवा कांग्रेस कोरबा ग्रामीण के ब्लॉक सचिव



**रजगामार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष विकास सिंह,व ब्लॉक अध्यक्ष जयकिशन पटेल के द्वारा युवा कांग्रेस कोरबा (ग्रामीण) के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए ब्लॉक सचिव के पद पर तरुण धुर्वे रजगामार को नियुक्त किया गया है।

### दुलेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण आज

**हरदीबाजार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दुलेश्वर महादेव मंदिर बोकरामुड़ा कोरबी में तृतीय सोमवार को भगवान शिवशंकर का रुद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण एवं रात्रि रामायण का आयोजन किया गया है। जिसमें समिति के समस्त सदस्य व आसपास के भक्तजन व ग्रामीणों को इस आयोजन में शामिल होकर पूण्य के भागीदारी बने।

### कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश स्कूल झाबर में मनाया गया रक्षाबंधन



**कोरबा।** ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र में छत्तीसगढ़ की माटी के साथ तिलक और रक्षासूत्र के अभियान के तहत शनिवार को कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश स्कूल झाबर दीपका में जवान भाइयों को राखी भेजा गया। इसके लिए विद्यालय के परिसर में रक्षाबंधन का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक एक राखी देश के जवान भाई के नाम रखी गई। सभी छात्राओं ने अपने वीर भाइयों के नाम रक्षा सूत्र के साथ पत्र भेजा जो कि रक्षाबंधन की भावनाओं को उजागर करती हैं। उक्त कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा यादव, उपप्राचार्य चिरंजीव, संचालक भौनेन्द्र ,रीता डहरवाल रामिन यादव, मुकेश कुमार तिवारी, सोनल यादव, माया, कविता डहरवाल, गुरमीत कौर, वीणा बरेठ, कौशिल्या कंवर, शांता कंवर, स्मिता पटेल, शीतल कौर, दीप्ती महंत, राधिका साहू, रश्मि एक्का, कविता महंत और रिंकी रिंकू आशीष, लक्षन, अमरनाथ उपस्थित रहे।

### जनपद सदस्य ने प्री मेट्रिक छात्रावास का किया शुभारंभ



**रजगामार।** हरेली उत्सव के अवसर पर प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास कोरकोमा में नवीन भवन का पूजा कथा कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस छात्रावास में 63 स्कूली छात्राएं निवासरत हैं। सभी छात्राएं दूर दूर वनांचल क्षेत्र के गांव से अध्ययन हेतु यहां निवासरत हैं। आवश्यकतानूसार सुविधाओं के साथ इस छात्रावास का निर्माण किया गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोरकोमा ग्राम के सरपंच तेजराम राठिया, ज़िला पंचायत श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद सदस्य श्रीमती डोलेश्वरी राठिया, शाला प्रंबधन समिति के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, ग्राम के उपसरपंच श्रीमती पुष्पा गुप्ता, भाजपा कुदमुरा मंडल के महामंत्री उमेश्वर सोनी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय चौहान, पूर्वसरपंच श्रीमती रूपेश्वर राठिया, पूर्व उपसरपंच श्रीमती पूर्णिमा सोनी व पंच सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मिर्जा आसिफ बने मरकाजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष



**कोरबा।** मरकाजी सीरत कमेटी की बैठक सुन्नी मुस्लिम जमात खाना पुरानी बस्ती में आयोजित की गई जिसमें आने वाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी के संबंध में चर्चा के की गई। इसके पहले मरकजी सीरत कमेटी के नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया। सर्वप्रथम मेमन जमात के अध्यक्ष हाजी अमीन शेखानी ने पुरानी कमेटी को ही कार्य करने देने का प्रस्ताव रखा, जिस पर उपस्थित एतराफ की मस्जिदों के ओहदेदारन ने अपनी सहमति देते हुए पुरानी कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा आशिक बेक और सेक्रेटरी मोहसिन मेमन को बनाए रखना के प्रस्ताव पर सहमति बनी इस अवसर पर नूरी मस्जिद के सदर आरिफ खान ने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी लंबे समय से मरकजी सीरत कमेटी द्वारा आयोजित किया जाता रहा है इस वर्ष भी मरकजी सीरत कमेटी द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है जो निश्चित थी मुबारकबाद के लायक है निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व की भांति अपने निर्धारित समय से नूरी मस्जिद से निकलकर मदीना मस्जिद के लिए रवाना होंगी. नूरी मस्जिद ने वहां के व्यवस्था कि जिम्मेदारी ली है।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया याद

# मजबूत नागरिक से बनता है मजबूत देश : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक संघ द्वारा सुभाष चौक निहारिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर दीप जलाए गए और कारगिल के विजय यात्रा को देश के लिए गौरवशाली बताया गया।

पूर्व सैनिक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि हमारे सैनिकों ने देश के लिए अनेक युद्ध लड़ा है। कारगिल का युद्ध मुश्किल परिस्थितियों में लड़ा जाने और दुश्मनों से मुकाबला कर विजय हासिल करने वाला युद्ध है। इसे भुलाया नहीं जा सकता। इस युद्ध ने देश के हर नागरिकों को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर ने कहा कि अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर भी चलाया गया। हमारे जवानों द्वारा सदैव देश के लिए अपने शौर्य और साहस का परिचय देते हुए पराक्रम को साबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी शान्ति चाहते हैं। शान्ति के लिए मजबूत होना भी आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी देश वहाँ के मजबूत नागरिकों से मजबूत होता है। हमारा देश किसानों, जवानों से मजबूत है। आने वाली युवा पीढ़ी और सभी नागरिक अपनी एकजुटता और मजबूती बनाएं रखे, क्योंकि मजबूत देश ही अपने देश की सुरक्षा और शांति स्थापित कर सकता है। कलेक्टर ने कारगिल के योद्धाओं को नमन करते हुए कहा कि हम सभी देश के उन शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनकी वजह से हम सभी सुरक्षित है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भी गौरवान्वित करने वाला बताया। कलेक्टर ने शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित कर दीप जलाएं। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और गायक संदीप शर्मा सहित अन्य द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारी मुकेश अदवालेखा, दीपक सिंह, राजेन्द्र सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते कलेक्टर एवं भूतपूर्व सैनिक।

### इंडियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रीन डेय सेलिब्रेट



कारगिल विजय दिवस के तहत पर्यावरण संरक्षण अभियान को ऐतिहासिक बनाने एवं सहभागी बने संस्था इंडियन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से क्लास टू तक के बच्चों द्वारा रेनी डे सेलिब्रेट किया गया। संस्था के डायरेक्टर राकेश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार क्लास थ्री से टेंथ तक के बच्चों द्वारा ग्रीन डे सेलिब्रेट किया गया जिसमें सभी बच्चे हरे रंग के वस्त्र पहन कर आए हुए थे तथा अपने साथ एक-एक पौधा लेकर आए हुए थे, ग्रीन डे सेलिब्रेट करने के माध्यम से हमारे स्कूल में बच्चों तथा आम नागरिकों को ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ संदेश देकर पर्यावरण के प्रति जागरूक होना सिखाया। स्कूल के सभी बच्चे को रैली के माध्यम से शिव मंदिर तक गए। बच्चों ने शिव मंदिर पाली में एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया जिसमें बच्चों द्वारा यह संदेश दिया गया की पेड़ काटने से हमें किन-किन तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और यदि हम पेड़ों का संरक्षण करने लगे पर्यावरण को संरक्षित रखें तो हम आने वाली कई समस्याओं से बच सकते हैं, बच्चों के इस अथक प्रयास को देखते हुए संस्था के प्राचार्य श्री विनोद शर्मा ने बच्चों के इस मेहनत की सराहना की और उन्हें पेड़ों के महत्व से अवगत कराया साथ ही अपने आने वाले जीवन में कभी भी पेड़ न काटने का संकल्प लिया गया, एवं स्कूल में गुरु पूर्णिमा के दिन से आज तक एक पेड़ गुरु के नाम का कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से सहभागी रहे।

### साडा कन्या विद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानियों के तैलचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने भाषण, रंगोली, चित्रकला, देशभक्ति गीत तथा कविता आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक ने छात्राओं को कारगिल विजय दिवस के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि जिस प्रकार देश के सैनिकों ने अपने कर्तव्यों का पालन किया। उसी प्रकार हमें भी देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। रासेयो कार्यक्रम सहप्रभारी रेणुका लदेर ने छात्राओं को बताया कि हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए दुश्मनों से भारत को विजय दिलाई थी,हमें उस बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है, और एक अच्छा और सच्चा नागरिक बनकर अपने देश के सम्मान की रक्षा करनी है।

### मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मना विजय दिवस



शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के रासेयो की महिला इकाई के द्वारा कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक नायब सूबेदार दीपक सिंह अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ एवं भूतपूर्व सैनिक हेमंत साहू सचिव पूर्व सैनिक संघ की उपस्थिति एवं श्रीमती संध्या पांडे की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा कारगिल विजय दिवस को मनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। छात्रा कु. कशिश वैष्णव ने ओजपूर्ण भाषण दिया। अतिथियों को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया एवं छायादार एवं फलदार वृक्ष एक पेड़ माँ के नाम 2 .0 के तहत लगाया गया। सभी प्राध्यापक गण एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु. नम्रता दुबे के द्वारा किया गया। आभार कार्यक्रम रासेयो अधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह तंवर के किया।

### कारगिल विजय दिवस पर आयोजित किया गया पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम




रूमगड़ा स्थित शासकीय हाईस्कूल के प्रांगण में शिव फाउंडेशन एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्त्वपूर्ण पौधारोपण एवं वन्यजीव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के बहुपयोगी एवं स्थानीय जलवायु के अनुकूल वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इसमें बादाम, महोगनी, बहेड़ा (बिही), जामुन, नीम और कुसुम जैसे पौधों को शामिल किया गया, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण हैं बल्कि स्थानीय वनस्पतिक विविधता को भी समृद्ध करते हैं। शिव फाउंडेशन और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधियों, स्कूल स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से इन पौधों का रोपण कर भविष्य में उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के उपरांत आयोजित जागरूकता सत्र में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वन्यजीवों की विविधता, उनके व्यवहार, पारिस्थितिकीय भूमिका और संरक्षण की आवश्यकता के बारे में सरल एवं रोचक ढंग से जानकारी दी। जितेन्द्र सारथी, संस्था के मुख्य वन्यजीव रेस्क्यू विशेषज्ञ, ने सांपों की प्रजातियों, उनके पारिस्थितिकी में योगदान, आम मिथकों और बचाव तकनीकों पर गहन जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि सांप मानव के लिए कितने आवश्यक हैं और किस प्रकार उनसे डर की बजाय समझ और सह-अस्तित्व की भावना रखनी चाहिए। मयंक बागची, वरिष्ठ जीवविज्ञानी, ने स्थानीय पक्षियों की पहचान, प्रवास व्यवहार, उनके आवास की आवश्यकता, और मनुष्य के कारण हो रहे उनके खतरे पर प्रकाश डाला।

### डीएव्ही स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती सहित वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भारत माता एवम देश के लिए हुए शहीद वीर सैनिकों के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात विद्यालयीन प्रार्थना सभा में देश के जांबाज़ सिपाहियों के समर्पण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के द्वारा नारों एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सुविचारों के द्वारा संपन्न किया गया। जिसे सुनकर वातारण देशभक्तिमय हो गया। इसी कड़ी में विद्यालय की कक्षा सातवीं की छात्राओं के द्वारा देश के सैनिकों को समर्पित और वीर शहीद सैनिकों के साहस, उनके कर्तव्य को दिखलाती देशभक्ति नृत्य सरफरोश की तमन्ना अब हमारे दिल में है की शानदार प्रस्तुति दी गई, जो अत्यंत मार्मिक ममस्पर्शी थी। जिसे देखकर उपस्थित शिक्षकगण और समस्त विद्यार्थीगण आत्मविभोर हो उठे। इसके बाद कक्षा 8वीं की छात्रा आराध्या तिवारी के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर आधारित एक संक्षिप्त भाषण हिंदी में तो वहीं कक्षा 7वीं की छात्रा वाणी कर्ष ने अंग्रेजी में दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने कारगिल दिवस पर प्रकाश डालते हुए शहीद वीर सैनिकों के बलिदानों को याद करते उनके अदम्य साहस से परिचित कराते हुए तथा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम मातृभूमि की सेवा हम सरहद पर जाकर नहीं कर सकते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा आठवीं की छात्राएं दिव्यांशी सिंह और अनुष्का मिरी के द्वारा किया गया।

# समस्याओं के निराकरण के लिए आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने नगर निगम के वार्ड क्र. 13 शारदा विहार में एक्शन टीम के साथ जनसमस्याओं को देखने पैदल भ्रमण करते हुए विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, पारों के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात कर उनकी साफ-सफाई व नालियों की समस्याओं को सुना तथा तत्काल संबंधित ठेकदार व सफाई कर्मचारियों को अल्टीमेटम देकर साफ सफाई के निर्देश दिए।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शनिवार को नगर निगम कोरबा जोन अंतर्गत शारदा विहार कालोनी, अटल आवास, निचली बस्ती, अमरैयापारा, स्टेशन रोड बस्ती, संजयनगर, नई बस्ती का दौरा कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुडे. कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर गदंगी व कचरा पड़ा होने, समय पर सफाई कार्य पूरा न करने तथा नालियों में कचरे का जमाव देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होंने संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई कार्य के ठेकेदार को सफाई कार्यो में कसावट लाकर नियमित रूप से सफाई कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य हों, नियमित रूप से साफ-सफाई की जाये, नालियों में कचरे का जमाव न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करायें। उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि जिन बस्तियों में सकरी स्थानों पर सफाई रिक्शा पहुंच नहीं पाता, उन सकरी गलियों के निवासियों को सिटी बजाकर अवगत कराये कि सफाई रिक्शा आपके घर तक नहीं पहुंच सकता, तथा वे सफाई रिक्शों तक पहुंचकर अपने घरों से निकले हुए कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में ही कचरे को डालें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने शारदा विहार मुख्य मार्ग स्थित निर्माणाधीन सियान सदन के निर्माण व विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया। सुनालिया चौक से रेलवे स्टेशन तक के मुख्य मार्गो के निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि नहर की बाउण्ड्रीवाल कुछ स्थानों से टूटी हुई है तथा नहर किनारे कुछ कतिपय लोगों द्वारा कचरे को फेंक दिया जाता है, जिससे वहाँ कि साफ-सफाई कार्य नहीं हो पाता है, जिससे गंदगी का आलम दिखाई देता है, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन ट्रेक्टर के माध्यम से कराये जाने के निर्देश भी दिये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देश देते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता सुपरवाईजर को कहा कि स्वच्छता दीदियों का उनके घरों तक पहुंचने का एक निश्चित समय निर्धारित हो, जिससे लोगों को यह मालूम हो सके कि लगभग इस समय तक स्वच्छता दीदियों के आने का समयसीमा निर्धारित है, इसके लिए स्वच्छता दीदियों का सुबह समय पर प्रतिदिन निकलने का समय निश्चित हो। उन्होने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि सीतामणी रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्रीपेड बुथ व आटो रिक्शा स्टैण्ड के आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कराये।



सफाई कर्मियों से चर्चा करते निगम आयुक्त।

# जीवन आशा अस्पताल भरोसे का दूसरा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमनीपाली क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की जब भी बात होती है, तो एक नाम सबसे पहले सामने आता है जीवन आशा अस्पताल। अत्याधुनिक सुविधाओं, कुशल चिकित्सकों और मरीज-केंद्रित सेवाओं की बदौलत यह अस्पताल अब क्षेत्र के लोगों के लिए न केवल एक इलाज का केंद्र है, बल्कि भरोसे और विश्वास का प्रतीक भी बन गया है।

जीवन आशा अस्पताल में मरीजों को एक ही स्थान पर हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, मेडिसिन, डायलिसिस, फिजियोथेरेपी, और आपातकालीन सेवाएँ सहित लगभग सभी प्रमुख चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। 50 बिस्तरों वाले इस मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल में हर रोग के लिए अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात हैं। सप्ताह के विभिन्न दिनों में रायपुर और कोरबा से आने वाले सुपर- स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम भी यहां परामर्श और उपचार प्रदान करती है, ताकि जटिल रोगों में भी मरीजों को स्थान बदलने की आवश्यकता न पड़े। अस्पताल में मॉडल ऑपरेशन थिएटर, सेंट्रल आईसीयू, एनआईसीयू (नवजात शिशु गहन देखभाल इकाई), लेबर ओटी, डिजिटल एक्स-रे, फुल-फ्लेज्ड पैथोलॉजी लैब, 24x7

**हेल्थ प्लस**

इमरजेंसी, फार्मेसी और फिजियोथेरेपी यूनिट की सुविधा उपलब्ध है। यह सभी सुविधाएं इस अस्पताल को जमनीपाली ही नहीं, बल्कि पूरे कोरबा जिले में एक आधुनिक और भरोसेमंद अस्पताल के रूप में स्थापित करती हैं। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण जमनीपाली और आसपास की सड़कों पर दुर्घटनाओं की घटनाएं आम हैं। ऐसे में जीवन आशा अस्पताल की ट्रॉमा केयर यूनिट गंभीर घायलों के लिए त्वरित और जीवनरक्षक उपचार का केंद्र बन चुकी है। कई ऐसे मामले सामने आए हैं जब समय पर इलाज से मरीजों की जान बचाई गई। जीवन आशा अस्पताल में एमडी मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक सर्जन, गायनेकोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिशिइन, एनेस्थेटिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर दिन-रात सेवा में लगे रहते हैं। इलाज के दौरान मरीज और उनके परिजन दोनों को पूरी जानकारी और सुविधा के साथ उपचार लाभ दिया जाता है।




# शहर कांग्रेस कमेटी ने लचर विद्युत व्यवस्था सुधारने दो दिन का दिया अल्टिमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका कटघोरा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था इन दिनों बेहद लचर हो चुकी है। प्रतिदिन अधिकांश समय बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है बल्कि पेयजल आपूर्ति भी गंभीर रूप से बाधित हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि निरंतर बिजली कटौती से वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाले जहरीले जीव-जंतु रात के समय दिखाई नहीं देते, जिससे जनहानि की संभावना बढ़ गई है। इसके अलावा नगर के अधिकांश वार्डों को अब ग्रामीण फीडर से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें नियमित शहरी फीडर से बिजली नहीं मिल पा रही है। परिणामस्वरूप कई इलाकों में घंटों तक अंधेरा छाया रहता है और नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार लगभग दो माह पूर्व नगर में आयोजित एक बैठक में कार्यपालन अभियंता द्वारा लचर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। कटघोरा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव लखनपाल के साथ ही नाराज नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 2 दिवस के भीतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु नहीं किया गया तो वे नगर पालिका कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी इस विषय में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की गई है ताकि नगर को फिर से निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। नगरवासियों की यह मांग अब आंदोलन का रूप लेने को है और यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो प्रशासन को भारी जन विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

# त्रिलोकी स्कूल ब्लॉक बी में फैंसी ड्रेस एवं खेल प्रतियोगिता




फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल ब्लॉक बी में विशेष सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 4 प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने विविध वेशभूषाओं में शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और ऐतिहासिक चरित्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चतुराई और धैर्य के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जबकि दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया।

विद्यालय की प्राचार्या मोना ठाकुर ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की सराहना की और कहा, इस तरह की गतिविधियाँ न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आयोजन समिति और शिक्षकगणों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह की रचनात्मक गतिविधियाँ जारी रखने की बात कहीं।

## मार्ग से आवागमन हुआ बाधित, राहगीरों को घूमकर पड़ रहा जाना

# लीलागर नदी उफान पर, पुल के ऊपर से बह रहा पानी, आवागमन हुआ बाधित



सड़क में भरा बारिश का पानी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार**

जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश का असर दिखने लगा है। मूसलाधार बारिश की वजह से लीलागर नदी उफान पर आ गई है, जिससे पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। मार्ग पर आवागमन ठप हो गया है और राहगीरों को घूमकर जाना पड़ रहा है।

सावन मास में लगातार हो रही बारिश के असर से नदी नालों का स्तर तेजी से बढ़ा है, बारिश से लीलागर नदी उफान पर है। इसके चलते हरदीबाजार से सुवाभोंडी-रेंकी एवं हरदीबाजार से नेवसा उतरदा जाने वाला मार्ग पूरी तरह ठप पड़ गया है। जिन राहगीरों को उस पार जाना है उन्हें सराईसिंगार डिंडोभांठा मार्ग से जाना आना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नदी का बहाव को गंभीरता से लेते हुए खतरा न उठाएं। पुल पार करने की कोशिश न करें, जिससे जान के जोखिम का खतरा हो सकता है। अतिवृष्टि होने के कारण ग्राम उतरदा चारों तरफ से नदी व नाले से घिरे होने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है, जिसके तहत ग्राम उतरदा के सरपंच, उपसरपंच एवं एसएमडीसी के सर्व सहमति से शुक्रवार को विद्यालय बन्द करने का निर्णय लिया गया। गांवों में सावन और भादों के इस बारिश के मौसम को लेकर लोग बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो मौसम की शुरुआत है और नाले की यह स्थिति है, आगे क्या होगा यह सोचकर ही डर लग रहा है। यदि प्रशासन ने समय रहते वैकल्पिक मार्ग या पुल निर्माण की व्यवस्था नहीं की तो भविष्य में बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की मानें तो राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन की टीम को अलर्ट मोड में रखा गया है। फिलहाल, क्षेत्रीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जलस्तर के कम होने का इंतजार कर रहा है, ताकि आवश्यकतानुसार राहत और सहायता पहुंचाई जा सके।

### तान नदी में समाई सड़क, ग्रामीणों की राह हुई मुश्किल



पोंडीउपरोड़ा ब्लॉक के पौड़ी-लेपरा मार्ग पर तान नदी के पास की सड़क भारी बारिश के चलते नदी में समा गई, जिससे क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, और यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग द्वारा इस सड़क की मरम्मत कर दी जाती, तो आज यह हालात नहीं बनते। ग्रामीणों को अब स्कूल, अस्पताल और बाजार पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सरकार से जल्द कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

## शिक्षा और पर्यावरण दोनों का समुचित विकास ही समृद्ध समाज की पहचान है: प्रेमचंद

**हरदीबाजार।** कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम छुईहापारा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विधायक निधि से अतिरिक्त कक्षा निर्माण के लिए श्रीफल तोड़ कर भूमि पूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा किया गया। साथ ही इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। अपने संबोधन में विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि विघालय में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा । वहीं पौधरोपण के माध्यम से अपनी मां और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट किया। यह एक पौधा नहीं,ये भावनाओं की जड़े हैं, शिक्षा और पर्यावरण दोनों का समुचित विकास ही समृद्ध समाज की पहचान है। जिसे हमें संवारना भी है और देखभाल भी करना है। इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा संजय शर्मा,भाजपा नेता दामोदर राठौर, कटघोरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित ग्रामवासी, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जमीन कब्जा के मामले में दर्ज हो आपराधिक प्रकरण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



जयसिंह अग्रवाल।

- पूर्व राजस्व मंत्री ने कलेक्टर को पत्र लिखकर बालको के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कलेक्टर से बालको के अधिकारियों सहित स्मेल्टर विस्तार निर्माण कार्य में जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि कोहड़ियि क्षेत्र में 19.69 एकड़ भूमि पर बालको प्रबंधन द्वारा कब्जा कर स्मेल्टर विस्तार कार्य किए जाने के मामले में अब तक केवल एक पटवारी के वेतन वृद्धि रोके जाने की कार्यवाही की गई हैं।

पूर्व राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कलेक्टर अजीत वसंत को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि बालको चेकपोस्ट के पास बालको जलोपचार संयंत्र मार्ग में बालको प्रबंधन का एक छोटा केबिन हुआ करता था। एक रेल लाईन के पश्चिमी हिस्से की सरकारी जमीन का उपयोग सीएसईबी द्वारा कोयला भण्डारण के लिए किया जा रहा था। बाद में रेल पांत को हटाकर बालको प्रबंधन ने उक्त जमीन को अपने नाम दर्ज करा उस पर अपना कब्जा कर लिया। प्रशासन ने इस जमीन को जांच के बाद वापस शासकीय रिकार्ड में तो दर्ज कर लिया है, पर बालको प्रबंधन का निर्माण अभी भी यथावत है। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने लिखा है कि रोकबहरी में पौधारोपण के नाम से वन विभाग से करीब 5 एकड़ भूमि बालको प्रबंधन ने हासिल कर लिया पर वहां पौधा रोपण करने की जगह राखड़ डम्प कर दिया गया। बाद में बालको ने उसी क्षेत्र में करीब 20 से 25 एकड़ वन भूमि पर और कब्जा कर लिया। वर्तमान में यह क्षेत्र बालको का अस्थाई राखड़ डैम बन गया है। श्री अग्रवाल ने कलेक्टर से उक्त मामले में बालको प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की।

## हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के रेशमलाल अध्यक्ष तो नाथूलाल बने उपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



हिंद खदान मजदूर संघ से संबद्ध कोयला फेडरेशन हिंद खदान मजदूर फेडरेशन की नई कार्यसमिति की घोषणा आज महामंत्री हरभजन सिंह द्वारा की गई। कार्यसमिति में रेशमलाल यादव को अध्यक्ष, सिद्धार्थ गौतम को कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नाथूलाल पांडेय, शिवकांत पांडेय, अशोक पांडेय, अर्जुन सिंह, रणविजय सिंह, महामंत्री हरभजन सिंह, सहायक महामंत्री शिवकुमार यादव, राघवन रघुनन्दन, अख्तर जावेद उस्मानी, सचिव राजेश कुमार सिंह, शरद धंदे, रंजय कुमार तीन सचिव पद अभी रिक्त हैं। संगठन सचिव एमपी अग्निहोत्री, विनय सिंह, राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष शंकर बेहरा, इसके अतिरिक्त फेडरेशन की कार्यसमिति में 10 अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है। हिंद खदान मजदूर फेडरेशन का पिछला अधिवेशन वर्ष 2003 में हुआ था। इसके बाद 25 अप्रैल को दिल्ली में फेडरेशन का पुनः अधिवेशन आयोजित हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से हरभजन सिंह को महामंत्री चुना गया और उन्हें नई कार्यसमिति की घोषणा हेतु अधिकृत किया गया था। घोषित कार्यसमिति में पूर्व अध्यक्ष नाथूलाल पांडेय को उपाध्यक्ष पद दिया गया है।

## कोरबा मार्केट


**गुप्त रोग**
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी

**आयुर्वेद ईलाज**
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
**मां सर्वमंगला क्लीनिक**
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998


**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../बी-121/2024-25
ग्राम कुचेना प.ह.नं. 39 तहसील कटघोरा

आवेदक राजकुंवर उर्फ मोतीबाई पिता गिरधारी निवासी ग्राम कुचेना तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुचेना स्थित भूमि ख.नं. 348/3 रकबा 0.1460 हे. का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने का लेख करते हुए द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.07.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान : कटघोरा
दिनांक : 18.07.2025

**नायब तहसीलदार**
**कटघोरा**


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

**पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग**
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



**जी.एन.एम. नर्सिंग**
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

**रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100





## खबर संक्षेप

### खदानबंदी आंदोलन स्थगित

**कोरबा।** शुक्रवार को अपर कलेक्टर को भूविस्थापित ग्राम विकास समिति हरदीबाजार एवं समस्त प्रभावित ग्राम हरदीबाजार संगठन के पीड़ितों ने रविवार को को खदान बंदी करने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के द्वारा अपर कलेक्टर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मंगलवार को टीएल बैठक में आप लोगों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। जिस पर प्रभावितों ने खदान बंदी कार्यक्रम को स्थगित किया।

### लापता युवक का नहीं मिला कोई सुराग, पुलिस खोजबीन में जुटी

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम मुढ़ाली से लापता 22 वर्षीय युवक का अब तक कोठ सुराग नहीं मिला । कोरबा रामपुर निवासी आकाश शर्मा 22 वर्ष पिता स्व.नंदलाल शर्मा, मुढ़ाली में मुर्गी पोल्ट्री फॉर्म का संचालन कोरबा रामपुर निवासी सोनू शर्मा के द्वारा किया जाता है। युवक आकाश शर्मा को पोल्ट्री फॉर्म में देख रेख के लिए रखा था, जो 19 जुलाई को किसी को बिना सूचना दिए कहीं चला गया। जब इस बात की जानकारी पोल्ट्री फार्म संचालक सोनू शर्मा को हुई तो वह आकाश की मां किरण शर्मा को दिया। अपने स्तर पर खोजबीन किया गया, नहीं मिलने की स्थिति में किरण शर्मा ने हरदीबाजार थाना पहुंचकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराई। हरदीबाजार थाना पुलिस के द्वारा आपपास क्षेत्रों में खोजबीन की गई, साथ ही पड़ोसी जिले के थाना चौकी में भी लापता युवक की जानकारी दी गई है।

### दोस्तों के साथ घूमने गए युवक की 24 घंटे बाद मिली लाश

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुखरीखुर्द निवासी राजेश मन्नेवार 32 वर्ष पिता नेतराम मन्नेवार गुरुवार की शाम सोन नदी में बहकर लापता हो गया था। घटना से पहले वह दोस्तों के साथ घूमते हुए सोन नदी के किनारे पहुंचा था, जहां एकाएक जलस्तर बढ़ने से वह बह गया था। घटना की सूचना मिलने पर उरगा पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम की मदद से घटनास्थल से लेकर आगे की ओर खोजबीन की। इस बीच शाम को घटनास्थल से एक किमी दूर जांजगीर-चांपा जिले में आने वाले ग्राम केनाभाठा के पास लापता राजेश मन्नेवार की लाश मिली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पंचनामा उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक शव

**कोरबा।** बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पचरा मोहल्ला खुरुभाठा में एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। मृतक की पहचान दिलीप सिंह पिता गोविंद सिंह 22 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक के पिता गोविंद सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात 10.30 बजे दिलीप शौचालय के नाम से घर से निकला था लेकिन जब वह जल्दी नहीं लौटा तो उन्होंने उसे खोजने के लिए बाहर निकला। जैसे ही वह घर से सौ मीटर के आसपास गए उन्हें छीता पेड़ पर रस्सी से फांसी से लटका हुआ दिलीप का शव मिला। इस घटना की सूचना ग्राम के सरपंच फूलमनी कुजूर पति शिवनन्दन कुजूर द्वारा तुरंत बागों थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट

**कोरबा।** बालकोनगर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर दो लोगों मारपीट की घटना हुई है। जानकारी के अनुसार परसाभाठा निवासी राहुल तिवारी का विवाद महेंद्र यादव के साथ चल रहा है। राहुल बालकोनगर बस स्टैंड में काम से पहुंचा था। उसकी मुलाकात महेंद्र के साथ हुई। राहुल का आरोप है कि महेंद्र ने उससे मारपीट किया। मामले में पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

संत बालकराम दास ने किया धरना प्रदर्शन को संबोधित

# धर्मांतरण के विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने निकाली आक्रोश रैली


रैली में शामिल सभापति एवं सर्व हिंदू समाज के लोग।


रैली के दौरान प्रदर्शन करते मंच के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में तेजी से हो रहे धर्मांतरण के विरोध में हिन्दू जागरण मंच के नेतृत्व में सर्व हिन्दू समाज सहित अन्य हिन्दू संगठनों ने शनिवार को सुभाष चौक निहारिका से कलेक्ट्रट तक एक बड़ी आक्रोश रैली निकाली। इसके पूर्व रैली व प्रदर्शन कार्यक्रम को संत बालकदास ने संबोधित किया। दोपहर 12 बजे से शुरु हुए इस कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने धर्मांतरण को लेकर अपने विचार रखे। शाम 4 बजे आक्रोश रैली निकालते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपे।

आक्रोश रैली में वक्ताओं ने प्रदेश में बढ़ते इसाई मिशनरियों के धर्मांतरण एवं मुस्लिमों द्वारा चलाए जा रहे लव जिहाद सहित अवैध घुसपैट, डी लिस्टिंग जैसे संवेदनशील मामलों में कठोर कानून बनाकर इस कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। हिन्दू जागरण मंच के सुरेंद्र बहादुर सिंह और साकेत शर्मा के नेतृत्व में निकले आक्रोश रैली में सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। आक्रोश रैली को देखते हुए सुभाष चौक से कलेक्ट्रेट तक पुलिस बल तैनात था। शांतिपूर्वक निकली रैली कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां उन्होंने 8 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें प्रदेश एवं जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति समुदाय के लोगों को सुनियोजित ढंग से प्रलोभन और धोखाधड़ी के माध्यम से धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसी तरह मुस्लिम युवाओं द्वारा हिन्दू लड़कियों को लव जिहाद के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस प्रकार की गतिविधियां सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाती है एवं भारतीय न्याय संहिता और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में लव जिहाद जैसे मामले में उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों की भांति बुल्डोजर की कार्यवाही तथा अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया जाए। इसी तरह इसाई मिशनरियों के द्वारा हिन्दू समाज के लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण किया जा रहा है। इस प्रकार विधि विरुद्ध गतिविधियों में शामिल लोगों की संपत्ति जप्त कर मृत्युदंड एवं उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया जाए तथा मद्रास उच्च न्यायालय के ताजे फैसले के अनुसार लाउड स्पीकार के बिना घर को प्रार्थना स्थल नहीं बनाया जा सकता उसे लागू किया जाए, आदि मांगे शामिल थे।

# बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की मिली सुविधा

भीड़ बढ़ रही है स्लीपर व जनरल कोच में और बढ़ाई जा रही एसी कोच की संख्या



हरिभूमि में प्रकाशित खबर की कतरन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्यौहारों के मौसम में यात्री गाड़ियों में सर्वाधिक भीड़ जनरल कोच या स्लीपर कोच में रहती है। किंतु रेलवे ने हमेशा यात्री सुविधा के नाम पर एसी कोच की संख्या बढ़ाकर यात्रियों के जेब से पैसा निकालने रास्ता अख्तियार कर लिया था। एसी कोच की संख्या बढ़ने का फायदा आम मध्यम वर्गीय यात्रियों को नहीं मिलने का मुद्दा हरिभूमि ने 22 जुलाई के अंक में प्रमुखता से उठाया था।

**खास बात**
- एक सप्ताह पूर्व एसी कोच की बढ़ाई गई थी संख्या

सावन महीने से यात्री गाड़ियों में विभिन्न धार्मिक स्थल को जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। इसे देखते हुए रेलवे ने अक्टूबर महीने तक यात्री गाड़ियों में एसी कोच की संख्या बढ़ाई थी। जिससे इस सुविधा का लाभ आम मध्यम वगीय यात्रियों को न मिलने के बजाए हाई क्लास के यात्रियों को मिल रही थी। वहीं दूसरी ओर जनरल और स्लीपर कोच में लोगों को कंफर्म बर्थ भी नहीं मिल रहा था। 22 जुलाई को रेलवे ने बिलासपुर से रींवा तक जाने वाली एक्सप्रेस यात्रा गाड़ी में एक अतिरिक्त एसी कोच की सुविधा दी गई थी। जबकि इस यात्री गाड़ी में मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थल मैहर एवं अन्य धार्मिक स्थल जाने वाले यात्री इस गाड़ी में ही कंफर्म बर्थ लेते हैं जो सीमित होने के कारण नहीं मिल पाती। हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247, 18248 बिलासपुर - रीवा - बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा बिलासपुर से 30 जुलाई से 31 अक्टूबर तक एवं रीवा से 31 जुलाई से 1 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगी । इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा, हत्या के बाद शव को किया था आग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला सचिव के हत्या के मामले में पुलिस ने उसके ही पति को गिरफ्तार किया है। महिला सचिव के पति ने हत्या के बाद महिला की लाश को जलाकर उसे आत्महत्या का रुप देने की कोशिश की थी। आरोपी पति को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 22 जुलाई को महिला की हत्या का मामला सामने आया था। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मकान में महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया था। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मृतका सुषमा खुसरो की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके ही पति अभिनेक कुमार लदेर ने की थी। हत्या के बाद आरोपी ने लाश को जलाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और वैज्ञानिक जांच से सच्चाई सामने आ गई। सुषमा और अभिनेक की शादी आर्य समाज बिलासपुर में हुई थी। दोनों गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराये से रहते थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**वैज्ञानिक जांच से खुली हत्या की साजिश**

शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत पहले हत्या फिर जलाने से होना पाया गया। इसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 446/25 पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण, साक्ष्य संग्रह और फॉरेंसिक जांच के साथ 65 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

22 जुलाई की सुबह दोनों में पिक्चर देखने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद पति बाहर चला गया। इसके बाद आरोपी अभिनेक लदेर कुछ समय बाद वापस घर पहुंचा और अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसे आत्महत्या का रुप देने के लिए आरोपी ने सुषमा खुसरो के शव के समीप कपड़ा व कागज रखकर आग लगाकर घर के दरवाजे को अंदर से बंद कर बालकानी के रास्ते से बाहर चला गया। जिससे यह लगे कि महिला ने आग लगाकर आत्महत्या की है। मकान से धुंआ उठते देख पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद पुलिस ने अभिनेक को फोन कर घर बुलाया। इस दौरान अभिनेक घर पहुंचने पर अंजान बना रहा और दरवाजा बंद होने की स्थिति में सीढ़ी के जरिये बालकानी के रास्ते घर में दाखिल हुआ और दरवाजा खोला। पुलिस ने मामले में मर्ग क्रमांक 55/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू कर दी थी।

**पारिवारिक विवाद बना हत्या की वजह**

मृतिका सुषमा खुसरो और आरोपी अभिनेक लदेर दोनों ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे। पारिवारिक विवाद और बच्चा लेने की बात को लेकर अक्सर तकरार होती थी। आरोपी लंबे समय से पत्नी से नाराज था और पिछले तीन माह से हत्या की योजना बना रहा था। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**पति ने कुबूला गुनाह**

पूछताछ में पति अभिनेक कुमार (25 वर्ष, निवासी छुईयापारा) ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि विवाद के बाद उसने पत्नी का मुंह चुनरी से बांधा और तकिए से गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव पर पेपर, अखबार और कपड़े डालकर उसे जला दिया, ताकि आत्महत्या जैसा दिखे।

# छात्रों से भरे ई-रिक्शा से टकराई कार, बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छात्रों से भरी ई-रिक्शा और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 7 बच्चे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा ड्राइवर शराब के नशे में था। यह घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा विहार पेट्रोल पंप के पास की है।

ई-रिक्शा ड्राइवर संतोष सारथी करियर पब्लिक स्कूल के बच्चों को घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान ई-रिक्शा और कार की टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों को अस्पताल ले गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है और ऑटो-



कार जब्त कर लिया गया है। चारपहिया पोड़ीबहार निवासी धर्मेंद्र डनसेना की है। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि ड्राइवर का अल्कोहल मीटर से परीक्षण किया गया है और उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान


डॉ. एल.सी. मदरिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मदरिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि: स्लीपर 9, 100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

# विधायक पहुंचे कुसमुंडा दीपका पहुंच मार्ग, दुर्दशा के लिए अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी एवं रेल्वे के अधिकारियों एवम ठेकदार की मनमानी की वजह से बीते शुक्रवार की तड़के सुबह कोरबा कुसमुंडा से गेवरा दीपका को जोड़ने वाली मार्ग कुचेना क्षेत्र के मुहाने पर दास गई थी जिस वजह से चार पहिया वाहनों का आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गया था वहीं दोपहिया वाहन भी जैसे तैसे कर आवाज आई कर रहे थे लोगों को हो रही समस्याओं की जानकारी जब कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को हुई तो उन्होंने जिम्मेदार इस सड़क की दुर्दशा के जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई इसके बाद शनिवार की सुबह नए सिरे से सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हुआ।

**खास बात**
- तत्काल राहत के उपायों के लिए दिए निर्देश


अधिकारियों से फोन में चर्चा करते विधायक श्री पटेल।

इस सड़क मरम्मत के कार्य को देखने के लिए विधायक प्रेमचंद पटेल भी मौके पर पहुंचे। विधायक द्वारा आधे घंटे तक मौके का निरीक्षण किया गया। उन्हे देख आसपास के लोग पहुंचे, सड़क के साथ साथ उन्होंने अंडरब्रिज निर्माण की समस्या, रेल लाइन की वजह से दुर्घटना सम्बन्धित कई अहम जानकारियां दी। विधायक ने लोगों से बात की और इस सड़क की वजह से हो रही समस्याओं को सुनकर देखकर सड़क को अच्छे ढंग से बने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए, साथ में यह भी चेतावनी दी है कि दोबारा से अगर यह सड़क बहती है तो इसके भी परिणाम अधिकारियों को भुगतें होंगे। फिलहाल विधायक प्रेमचंद के हस्तक्षेप के बाद से सड़क का अच्छे से मरम्मत कार्य किया जा रहा है लग रहा है कि अब आगे लोगों को फिर से कोई समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर इमलीछापर नगर निगम के पार्षद आरती सिंह, पार्षद पति लखन सिंह, नगर पालिका अंतर्गत कुचेना के पार्षद लक्ष्मण कंवर, भाजपा नेता राजेश पटेल, राधे, गोल्डी, खेम चंद शर्मा, नूर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### 40 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए हुआ रवाना



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार के कांवरिया संघ बस स्टैंड से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना 40 कांवरियों का जत्था रवाना हुए, जिसमें हरदीबाजार, सराई सिंगार, लेंकी व नेवासा से शामिल हुए हैं, जो सावन माह के तीसरे सोमवार को बाबा वैद्यनाथ धाम पहुंच कर सुल्तान गंज से 120 किमी पैदल चलकर गंगा जल चढ़ाएंगे। कांवरिया संघ का जत्था नितेश जायसवाल के नेतृत्व में रवाना हुआ जिसमें श्याम राठौर, सत्या राठौर (रानू), संजय राठौर, दिनेश खुटे, नितिन नामदेव, दशरथ यादव, अविनाश राठौर, कीर्तन राठौर, पवन प्रजापति, उमेश प्रजापति, अजय प्रजापति, प्रशांत मिश्रा, फ़रूि राम पटेल, संतोष, रामखेलावन, राजेंद्र, सोनू यादव, वीरेंद्र कुमार, जमुना प्रसाद यादव, शिवकुमार सहित 40 कांवरिया संघ की टोली बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए जो अपने परिवार व गांव ,क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना बाबा से करेंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर एवं लायन्स क्लब, कटघोरा, छुरी के संयुक्त तत्वाधन द्वारा आयोजित
मस्तिष्क एवं पेट रोग (गैस्ट्रो) निःशुल्क जांच परामर्श शिविर
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
29 जुलाई 2025, मंगलवार
स्थानः अग्रसेन भवन, कटघोरा
समयः सुबह 11 से 2 बजे तक
पेट रोग (गैस्ट्रो)
विशेषज्ञ
डॉ. चारु शर्मा
MBBS, MD, DNB
Consultant Gastroenterologist
पाचन तंत्र रोग के लक्षण
• सीने में जलन • खाना या पानी अटकना
• क्रॉनिक पेंनक्रियाटाईटिस
• मल में तेल का रिसाव
• पेट में दर्द या जलन • उल्टी, भूख ना लगना
• कब्ज, डायरिया • मलद्वार से खून
मस्तिष्क रोग
विशेषज्ञ
डॉ. उमेश कुमार चंद्रा
MBBS, MD, DrNB Neurology
Sr. Consultant - Neurophysician
मस्तिष्क रोग के लक्षण
• मिर्गी का उपचार • मस्तिष्क में गठान
• सिर दर्द का उपचार • लकवा संबंधित जांच
• याददाश्त का कम होना
• मांसपेशियों की बीमारी (Muscular Dystrophy)
• अनिद्रा संबंधित विकार • पार्किंसंस
कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपार्ट साथ लायें।
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
9893262444, 9893221621, 9893150327, 9340916241, 9755091908
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
MAHESHWARI